# कार्यालय अधीक्षक, जिला जेल धार मध्यप्रदेश

कार्यालय दूरभाष क्र. 07292-222203 Email id: districtjaildhar@yahoo.co.in

क्रमांक___/ स्थापना / 2024 धार, दिनांक /08/2024

## :: विज्ञप्ति ::

म.प्र. शासन, जेल विभाग के अधीन जिला जेल धार में बंदियों हेतु स्थापित आई.टी.आई में प्रशिक्षण कार्य हेतु अतिथि व्याख्याता को अधिकतम 11 माह हेतु रुपये 125 / – प्रतिघंटा ( अधिकतक 05 घंटे प्रतिदिन ) या रुपये 14,000/- मासिक ( अधिकतम ) मानदेय पर इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है । न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है । संस्था / पदों / आरक्षण / शैक्षणिक अर्हता का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | आई.टी.आई. का नाम | व्यवसाय (ट्रेड)/ पद का नाम | आरक्षण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | SC | ST | OBC |
| 1 | जिला जेल धार | कारपेंटर | - | - | 01 | - |

| व्यवसाय (ट्रेड) / पद का नाम | शैक्षणिक एवं तकनीकी अर्हता |
|---|---|
| कारपेंटर | 1. हाईस्कूल अथवा समकक्ष अथवा पुराने पाठ्यक्रम में 11 वीं 2. संबंधित व्यवसाय में अखिल भारतीय / राज्य व्यवसायिक परिषद में अखिल भारतीय / राज्य व्यवसायिक परीक्षा उत्तीर्ण या राष्ट्रीय शिक्षुता परीक्षा उत्तीर्ण या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / बोर्ड से मैकेनिकल / प्रोडक्शन एवं मैन्युफैक्चरिंग इंजिनियरिंग में डिग्री / डिप्लोमा 3. संबंधित व्यवसाय में कम से कम 03 वर्ष का अनुभव |

नोटः- 1. पात्र इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन शैक्षणिक एवं तकनीकी अर्हता / जाति प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित सीधे संबंधित अधीक्षक जिला जेल धार को दिनांक 27.08.2024 से दिनांक 27.09.2024 को सायंकाल 05:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है ।

2. पद के विरूद्ध एक से अधिक उपयुक्त पाये गए आवेदकों को सूचीबद्ध किया जाएगा तथा वरीयता अनुसार उन्हें लेक्चर देने के लिए आमंत्रित किया जायेगा ।

(आर.आर. डांगी)
जेल अधीक्षक
जिला जेल धार (म.प्र.)

G-15519/24